पंजीकरण संख्या–UA/DO/DDN/30/2024-2026

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–25] रुड़की, शनिवार, दिनांक 17 फरवरी, 2024 ई0 (माघ 28, 1945 शक सम्वत्) [संख्या–07

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा रु0
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	—	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	123–189	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य-विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	57–64	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	—	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़-पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	—	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	—	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	—	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	—	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	01–09	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	93–94	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़-पत्र आदि ...	—	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

न्याय अनुभाग–1

अधिसूचना

नियुक्ति

29 जनवरी, 2024 ई0

संख्या 05 / नो0डी0 / XXXVI-A-1/2024-12 नो0डी0 / 2023–श्री राज्यपाल, नोटरी अधिनियम, 1952 (अधिनियम संख्या–53, सन् 1952) की धारा–3 के अधीन शक्ति का प्रयोग करके श्री रमेश कुमार वर्मा, अधिवक्ता को दिनांक 29.01.2024 से अग्रेत्तर पांच वर्ष की अवधि के लिये तहसील जाखणीधार, जिला पौड़ी गढवाल में नोटरी नियुक्त करते हैं और नोटरीज रूल्स 1956 के नियम–8 के उपनियम (4) के अधीन शक्ति का प्रयोग करके यह भी निदेश देते है कि श्री रमेश कुमार वर्मा का नाम उक्त अधिनियम की धारा–4 के अधीन रखे गये नोटरी पंजिका में प्रविष्ट किया जाय।

In pursuance of the provisions of Clause (3) of article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of following English translation of Notification No. 05/No-D/XXXVI-A-1/ 2024-12 No-D/2023 Dated- January 29, 2024.

NOTIFICATION

Appointment

January 29, 2024

No. 05/No-D/XXXVI-A-1/2024-12 No-D/2023--In exercise of the powers conferred by Section 3 of the Notaries Act, 1952 (Act No- 53 of 1952), the Governor is pleased to appoint Mr. Ramesh Kumar Verma, Advocate as Notary for a period of five years with effect from 29-01-2024 for Tehsil Jakhnidhar, District Pauri Garhwal and in exercise of the powers conferred by sub-rule (4) of rule 8 of Notaries Rules, 1956 also directs that the name of Mr. Ramesh Kumar Verma be entered in the register of Notaries maintained under Section 4 of the said Act.

अधिसूचना

नियुक्ति

29 जनवरी, 2024 ई0

संख्या 06 / नो0डी0 / XXXVI-A-1/2024-13नो0डी0 / 2023–श्री राज्यपाल, नोटरी अधिनियम, 1952 (अधिनियम संख्या–53, सन् 1952) की धारा–3 के अधीन शक्ति का प्रयोग करके श्री रतन सिंह, अधिवक्ता को दिनांक 29.01.2024 से अग्रेत्तर पांच वर्ष की अवधि के लिये तहसील सतपुली, जिला पौड़ी गढवाल में नोटरी नियुक्त करते हैं और नोटरीज रूल्स 1956 के नियम–8 के उपनियम (4) के अधीन शक्ति का प्रयोग करके यह भी निदेश देते है कि श्री रतन सिंह का नाम उक्त अधिनियम की धारा–4 के अधीन रखे गये नोटरी पंजिका में प्रविष्ट किया जाय।

आज्ञा से,

नितिन शर्मा,

प्रमुख सचिव, न्याय एवं विधि परामर्शी।

In pursuance of the provisions of Clause (3) of article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of following English translation of Notification No. 06/No-D/XXXVI-A-1/2024-13 No-D/2023 Dated- January 29, 2024.

NOTIFICATION

Appointment

January 29, 2024

No. 06/No-D/XXXVI-A-1/2024-13 No-D/2023--In exercise of the powers conferred by Section 3 of the Notaries Act, 1952 (Act No- 53 of 1952), the Governor is pleased to appoint Mr. Ratan Singh, Advocate as Notary for a period of five years with effect from 29-01-2024 for Tehsil Satpuli, District Pauri Garhwal and in exercise of the powers conferred by sub-rule (4) of rule 8 of Notaries Rules, 1956 also directs that the name of Mr. Ratan Singh be entered in the register of Notaries maintained under Section 4 of the said Act.

By Order,

NITIN SHARMA,

Principal Secretary, Law-cum-L.R.

पर्यटन अनुभाग

ई–पत्रावली संख्या–65335

अधिसूचना

31 जनवरी, 2024 ई0

संख्या 1/186330/VI(1)/2024–शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त वाईब्रेन्ट विलेज योजनान्तर्गत सीमान्त गांव जादुंग उत्तरकाशी, उत्तराखण्ड के पर्यटन विकास हेतु होम–स्टे कलस्टर के रूप में विकसित करने हेतु योजना एतदद्वारा प्रख्यापित की जाती है।

वाईब्रेन्ट विलेज योजनान्तर्गत सीमान्त गांव जादुंग उत्तरकाशी के पर्यटन विकास हेतु होम–स्टे कलस्टर के रूप में विकसित करने हेतु योजना

हिमालय पर्वत श्रृंखला की तलहटी में स्थित, उत्तर में चीन (तिब्बत) और पूर्व में नेपाल के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से घीरे उत्तराखण्ड राज्य में नैसर्गिक छटा एवं सांस्कृतिक विरासत को समेटे हुये अनेकों पर्यटक स्थल एवं गांव अवस्थित है। उत्तरकाशी जनपद का जादुंग गांव भी एक ऐसा ही सीमावर्ती ग्राम है। सीमान्त गांव जादुंग भारत सरकार द्वारा संचालित "वाईब्रेन्ट विलेज" के अन्तर्गत चिन्हित है जिसमें अवस्थापना सम्बन्धित कार्य कराया जाना नितान्त आवश्यक है।

जादुंग परिचय

जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड भटवाड़ी में तिब्बत सीमा पर अवस्थित जादुंग गांव एक सीमान्त गांव है, जो गृह मंत्रालय, भारत सरकार की वाईब्रेन्ट विलेज प्रोग्राम में उत्तराखण्ड के अन्तर्गत चिन्हित 51 गांवों में से एक है।

जादुंग गांव में 1962 से पूर्व ग्रामवासी तिब्बत के साथ ऊन व नमक का व्यापार कर अपनी आजीविका चलाते थे, किन्तु वर्ष 1962 में भारत चीन युद्ध के कारण यह गांव खाली करवाकर जादुंग गांव के निवासियों को हर्षिल (बगोरी) व डुण्डा गांव में विस्थापित कर दिया गया तब से गांव में गांववासी अध्यासित नही हैं।

गांव में स्थानीय लोगो के वर्तमान में भी पुराने घर अभी भी क्षतिग्रस्त स्थिति में खंडहर/अवशेष के रूप में विद्यमान हैं। ज्ञातव्य है कि यहां के निवासियों का वर्ष 1962 से पूर्व तिब्बत के साथ व्यापार होने के दृष्टिगत ऐतिहासिक महत्व है। यहां की जलवायु व प्राकृतिक सौंदर्य भी अत्यन्त मनमोहक है।

जादुंग गांव तिब्बत बॉर्डर से लगभग 30 कि0मी0 की दूरी पर अवस्थित है तथा जादुंग गांव इनरलाईन एरिया में आता है तथा वर्तमान में जादुंग गांव में प्रवेश हेतु जिला प्रशासन द्वारा इनर लाइन परमिट केवल ग्राम जादुंग के विस्थापित निवासियों एवं सरकारी कर्मियों को ही Day Visit की अनुमति प्रदान की जाती है।

उल्लेखनीय है कि पर्यटक स्थल नेलांग वैली से जादुंग ग्राम की दूरी लगभग 16 कि0मी0 है। यद्यपि नेलांग वैली भी इनर लाइन एरिया में आता है परन्तु यहां तक पर्यटको को प्रवेश हेतु Day Visit हेतु इनरलाईन परमिट उपजिलाधिकारी उत्तरकाशी द्वारा अनुमति दी जाती है।

<u>उद्देश्य</u>

1. वाईब्रेन्ट विलेज जादुंग में पर्यटन गतिविधियां प्रारम्भ करना।
2. जादुंग के खण्डहर रूपी भवनों का निर्माण/पुनर्निमाण करना।
3. गांव के मूल निवासियों को स्वरोजगार के संसाधन उपलब्ध कराते हुए उनकी आर्थिकी को सबल बनाना।
4. सीमान्त गांव जादुंग में पर्यटकों की आवाजाही होने के फलस्वरूप इसका सुरक्षा एवं सामरिक दृष्टि से भी महत्व होगा।

<u>चुनौतियां</u>

1. विषम भौगोलिक एवं वातावरणीय परिस्थितियां।
2. यद्यपि जादुंग गांव तक पक्की मोटर रोड़ उपलब्ध है, परन्तु यात्रा मार्ग पर दो–तीन स्थानों पर लैण्डस्लाईड एवं जादुंग गांव से लगभग 1 किमी0 पहले एक–दो स्थानों पर शीतकाल में यात्रा मार्ग पर Snow Avalanche की सम्भावनायें बनी रहती है।
3. वर्तमान में गांव पूर्ण रूप से खाली है, क्योंकि वर्ष 1962 के भारत चीन युद्ध के कारण यह गांव खाली करवाकर जादुंग गांव के निवासियों को हर्षिल (बगोरी) व डुण्डा गांव में विस्थापित कर दिया गया था तथा वर्तमान में स्थानीय गांव वासी बगोरी व डुण्डा गांव में निवासरत है।
4. जादुंग गांव लगभग 12800 फीट (3900 मी0) की ऊंचाई पर स्थित होने के कारण सालभर में मात्र 04 महीने (मई–जून एवं सितम्बर–अक्टूबर) में पर्यटकीय गतिविधियों हेतु उपयोगी हो सकता है।

<u>अवसर</u>

1. वाईब्रेन्ट विलेज योजनान्तर्गत जादुंग गांव का मॉडल विलेज के रूप में विकास।
2. 1962 में खाली कराये गये कतिपय भवनों का पर्यटकों के उपयोगार्थ निर्माण/पुनर्निर्माण करवाने एवं गांव के मूल निवासियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना।
3. सीमान्त गांव जादुंग तक सतत् पर्यटन गतिविधियों का विकास।
4. नये पर्यटक गन्तव्य स्थल का विकास।

पात्रता

1. - आवेदक सीमावर्ती ग्राम जादुंग का विस्थापित निवासी हो।
2. - आवेदक की जादुंग गांव में राजस्व अभिलेखों में भूमि/भवन दर्ज हो।
3. - आवेदक गृह आवास (होम–स्टे)/भवन के निर्माण हेतु विवाद रहित न्यूनतम अपेक्षित भूमि 500 वर्ग फीट का स्वामी हों।
4. - किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्था का व्यक्तिक्रमी/डिफॉल्टर न हो एवं आवेदक को किसी भी न्यायलय द्वारा दिवालिया, पागल अथवा अपराधी घोषित न किया गया हो।
5. - आवेदक के सगे सम्बन्धी के नाम पर राजस्व अभिलेखों में ग्राम जादुंग में भूमि/भवन दर्ज होने की दशा में यदि भू/भवन–स्वामी द्वारा आवेदक के पक्ष में भवन/होमस्टे निर्माण हेतु शपथ पत्र के माध्यम से अपनी अनापत्ति प्रदान की जाती है तो ऐसी दशा में आवेदक को योजना का लाभ अनुमन्य हो सकेगा।

चयन प्रक्रिया

योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु जादुंग ग्राम के राजस्व अभिलेखों में दर्ज 8.054 है0 भूमि के भू–स्वामियों द्वारा आवेदन किया जा सकेगा। चयन समिति द्वारा निर्धारित समय–सीमा में प्राप्त आवेदन पत्रों पर बैठक आहूत कर चयन की कार्यवाही सम्पन्न करायी जायेगी।

(क)– चयन एवं क्रियान्चयन तथा अनुश्रवण समिति की संरचनाः–

आवेदकों के चयन एवं योजना के क्रियान्वयन व अनुश्रवण हेतु जनपद स्तर पर निम्नवत् चयन/क्रियान्वयन/अनुश्रवण समिति का गठन किया जाता हैः–

- जिलाधिकारी – उत्तरकाशी — अध्यक्ष
- मुख्य विकास अधिकारी – उत्तरकाशी — सदस्य
- उपजिलाधिकारी – भटवाड़ी — सदस्य
- अधिशासी अभियन्ता/महाप्रबन्धक सम्बन्धित निर्माण इकाई — सदस्य
- खण्ड विकास अधिकारी –भटवाडी — सदस्य
- जिला पर्यटन विकास अधिकारी– उत्तरकाशी — सदस्य/सचिव

नोटः– चयन समिति के अध्यक्ष द्वारा आवश्यकतानुसार जादुंग ग्राम के प्रतिनिधि को विशेष आमन्त्रित सदस्य के रूप में आमन्त्रित किया जा सकेगा।

(ख)– चयन एवं कियान्वयन तथा अनुश्रवण समिति के कर्तव्य एवं उत्तरादायित्वः–

1. - समिति जनपद उत्तरकाशी के जादुंग गांव के अर्ह आवेदकों के चयन, योजना की भौतिक प्रगति का क्रियान्वयन व अनुश्रवण करेगी।
2. - चयन समिति द्वारा आवेदकों का चयन किया जायेगा, जिसमें प्रथम चरण में 06 खंडहर भवनों का विकास/पुनर्निर्माण कार्य किया जाना।
3. -चयन समिति प्रत्येक आवेदन पत्र का परीक्षण करेगी और भवन/होम स्टे निर्माण हेतु पूर्व निर्धारित भवन मानचित्र के अनुरूप आवेदकों का चयन करेगी।
4. - चयन समिति द्वारा भूमि की उपलब्धता एवं साईट की स्थिति व अन्य तथ्यों के आधार पर भवन/होम–स्टे का चयन किया जायेगा, उसी के अनुरूप चयनित कार्यदायी संस्था द्वारा पारम्परिक पहाड़ी शैली के भवन का मानचित्र तैयार किया जायेगा।

5. - चयनित आवेदकों के खण्डहर रूपी भवन का निर्माण/पुनर्निर्माण कार्य पूर्व निर्धारित भवन मानचित्र/प्लान के अनुरूप उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण कराया जायेगा।
6. - योजनाओं की मासिक भौतिक/वित्तीय प्रगति से उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् मुख्यालय को अवगत कराया जायेगा।
7. - समिति द्वारा समय-समय पर योजना की सार्थकता एवं उपादेयता को सुनिश्चित करने के उद्‌देश्य से वर्ष में त्रैमासिक आधार पर प्रत्येक लाभार्थी/उद्यमी की परियोजना का भौतिक सत्यापन, एवं वाणिज्यिक सफलता का मूल्यांकन किया जायेगा। दुरूपयोग/दुर्विनियोग की अवस्था में, विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
8. - समिति, उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद को निर्माणदायी संस्था को अवमुक्त की गयी धनराशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं संस्तुति सहित मांग प्रेषित करेगी।
9. - जिन प्रकरणों पर समिति निर्णय लेने में असमर्थ हो उन्हें उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद्/शासन को संदर्भित करेगी। आवश्यकता पड़ने पर जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्र विशेष की परिस्थितियों तथा आवेदनकर्ताओं की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये विषय विशेषज्ञों/ सम्बन्धित अधिकारियों को भी बैठक हेतु विशेष आमंत्री के रूप में जिलाधिकारी द्वारा आमंत्रित किया जा सकता है।

होम-स्टे संचालक के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्वः-

1. - होम-स्टे का बीमा (संचालन अवधि हेतु), फर्नीशिंग, साज-सज्जा, क्राकरी, फर्नीचर एवं अनुरक्षण आदि की व्यवस्था सम्बन्धित संचालन द्वारा स्वयं के संसाधनों से करनी अनिवार्य होगी।
2. - अतिथियों के खान-पान की व्यवस्था होम-स्टे संचालक द्वारा किया जाना अनिवार्य होगा।
3. - होम-स्टे भवन का उचित रख-रखाव एवं विधिवत् संचालन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित संचालक की होगी।
4. - होम-स्टे संचालक द्वारा पंजीकृत होम-स्टे इकाई का उपयोग पर्यटन गतिविधियों के अलावा किसी अन्य व्यावसायिक उद्देश्य के लिए नहीं किया जायेगा।
5. - होम-स्टे संचालक को चयन मानदंड के अनुसार बुनियादी ढांचे और गुणवत्ता मानकों को बनाए रखते हुए निर्धारित नियमों, दिशा निर्देशों का पालन करना होगा।
6. - लाभार्थी को होम-स्टे संचालन हेतु कौशल विकास एवं आतिथ्य सत्कार गतिविधियों के संचालनार्थ प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने की व्यवस्था पर्यटन विभाग द्वारा करायी जायेगी।
7. - होम-स्टे संचालक को विभाग द्वारा निर्मित होम-स्टे का संचालन 10 वर्षो के लिए अनिवार्य होगा। 10 वर्ष के भीतर, इस प्रकार सृजित आस्तियों का न तो निस्तारण किया जायेगा और न ही उसका उपयोग उस प्रयोजन से जिसके लिए दी गयी है, से भिन्न किसी प्रयोजन के लिए किया जायेगा। किसी अन्य प्रयोजन हेतु भवन उपयोग में लाये जाने की दशा में इस भवन के निर्माण पर हुये शासकीय व्यय की धनराशि मय ब्याज सम्बन्धित आवेदक से वसूली जायेगी।
8. - विभाग द्वारा निर्मित भवन में आवश्यक मरम्मत के अलावा भवन की मूल संरचना में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त निर्माण अनुमन्य नही होगा।

उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्वः-

1. - यह योजना पर्यटन विभाग उत्तराखण्ड द्वारा संचालित की जायेगी।

2. - योजना में होम–स्टे निर्माण हेतु Ecologicaly Sustainable Parameter के अनुरूप भिज्ञ संस्था से डिजायन/मानचित्र एवं आगणन तैयार कराया जायेगा।
3. - भवन/होम–स्टे निर्माण, निर्माण संस्था/विभाग के निर्धारण, लाभार्थियों के कौशल विकास/प्रशिक्षण,, एवं Market linking आदि हेतु नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा
4. - यथासंभव पारम्परिक वास्तुकला एवं उत्तराखण्डी निर्माण शैली के भवन/गृह आवास (होम–स्टे) का निर्माण करवाया जायेगा।
5. - होम–स्टे निर्माण एवं संचालन हेतु लाभार्थी, निर्माण इकाई एवं उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् के मध्य एक त्रिपक्षीय (Tripartite) अनुबन्ध निष्पादित कर होम–स्टे निर्माण एवं संचालन कराया जायेगा।
6. - उत्तराखण्ड पर्यटन विकास द्वारा जिला चयन एवं अनुश्रवण समिति द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर लाभार्थियों के गृह आवास (होम–स्टे) निर्माण हेतु चरणबद्ध रूप से धनराशि निर्माणदायी संस्था को उपलब्ध करायेगी।
7. - फैसिलिटेशन एवं मार्केटिंग की व्यवस्था की जायेगी।

निर्माणदायी संस्था के कृत्य एवं वित्तीय उपादानः–

1. - निर्माण हेतु नामित संस्था/विभाग द्वारा सम्बन्धित लाभार्थी की योजना स्वीकृत होने की तिथि से निर्धारित समयाविधि के भीतर होमस्टे का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जायेगा।
2. - निर्माण संस्था/विभाग द्वारा पूर्व निर्धारित स्वीकृत भवन मानचित्र/डिजायन एवं आगणन में इंगित विशिष्टियों के अनुसार ही निर्माण किया जायेगा।
3. - निर्माण संस्था/विभाग द्वारा प्रत्येक माह की भौतिक प्रगति जिला चयन समिति एवं उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद्, मुख्यालय को उपलब्ध करानी अनिवार्य होगी।
4. - निर्माण इकाई द्वारा यथासंभव स्थानीय सामग्री/उत्पादों का प्रयोग निर्माण कार्यों में किया जायेगा।

गृह आवास (होम–स्टे) विकास/निर्माण हेतु निधि का सृजनः–

पर्यटन विभाग के आय–व्ययक में योजना हेतु एकमुश्त धनराशि का प्राविधान किया जायेगा, जिसका उपयोग चयन समिति द्वारा होम–स्टे संचालन हेतु चयनित आवेदकों के होम–स्टे निर्माण हेतु किया जायेगा। आय व्ययक की धनराशि निदेशक पर्यटन/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् देहरादून के निवर्तमान पर रखी जायेगी।

रियायतें/छूट (Exemptions) :–

1. - होम–स्टे से प्राप्त आय पर प्रथम 03 वर्षों तक SGST की धनराशि की प्रतिपूर्ति विभाग द्वारा की जायेगी।
2. - विद्युत/पानी/भवन कर आदि जैसे शुल्क/कर को अव्यवसायिक दरों पर सम्बन्धित विभागों द्वारा वसूला जा सकेगा।
3. - भवन निर्माण हेतु भू–उपयोग परिवर्तन किये जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

फैसिलिटेशन एवं मार्केटिंगः–

1. - उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् द्वारा पंजीकृत होम–स्टे के लिए पृथक से पोर्टल/वेब–साइट तथा विकसित किया जायेगा, जिसमें होम–स्टे से सम्बन्धित समस्त जानकारियां विद्यमान होंगी।

2. - ऑन–लाईन एवं ऑफलाईन व्यवसायिक मार्केटिंग की सुविधा भी निःशुल्क होम–स्टे मालिकों को प्रदान की जायेगी।
3. - होम–स्टे संचालन हेतु आवश्यकतानुसार Aggregator की व्यवस्था/सुविधा लाभार्थी को उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान किया जायेगा।
4. - होम–स्टे के फैडरेशन बनवाकर उनके प्रतिनिधियों द्वारा होम–स्टे के प्रचार–प्रसार हेतु विभाग द्वारा जिन राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय ट्रैवल मार्टस् में प्रतिभाग किया जाता है, में निःशुल्क प्रतिभाग किये जाने का अवसर प्रदान किया जायेगा।
5. - पर्यटकों की सुविधार्थ होम–स्टे की रेटिंग व्यवस्था होगी जिससे किसी होम–स्टे के बारे में पर्यटकों को उनके स्तर की जानकारी के साथ ही होम–स्टे मालिकों के मध्य भी प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होगी।

लेखा परीक्षाः–

इस योजना हेतु शासन से प्राप्त होने वाली धनराशि मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् के कोषागार स्थित पी0एल0ए0 में जमा की जायेगी। योजना की लेखा परीक्षा महालेखाकार, उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा की जायेगी।

राजकीय सहायता के भुगतान की स्वीकृति के समस्त आदेशों की एक प्रति महालेखाकार, उत्तराखण्ड देहरादून, वित (व्यय नियंत्रण) अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन, पर्यटन अनुभाग और वित (आय–व्ययक) अनुभाग को पृष्ठांकित की जायेगी।

सचिन कुर्वे,
सचिव।

धर्मस्व एवं संस्कृति अनुभाग

अधिसूचना

08 फरवरी, 2024 ई0

संख्या 179929/2024–राज्यपाल, उत्तर प्रदेश श्री बदरीनाथ तथा श्री केदारनाथ मन्दिर अधिनियम, 1939 (उत्तराखण्ड राज्य में यथाप्रवृत्त) की संगत धारा 26(2)(घ) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग तथा इस विषय के विद्यमान समस्त नियमों और आदेशों का अधिक्रमण करते हुए **'श्री बदरीनाथ तथा श्री केदारनाथ मन्दिर सेवा'** में नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती तथा सेवा शर्तें विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

श्री बदरीनाथ तथा श्री केदारनाथ मन्दिर सेवा नियमावली, 2023

भाग 1–सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ	1.	(1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम श्री बदरीनाथ तथा श्री केदारनाथ मन्दिर सेवा नियमावली, 2023 है। (2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।
सेवा की प्रास्थिति	2.	श्री बदरीनाथ तथा श्री केदारनाथ मन्दिर सेवा ऐसी सेवा है, जिसमें समूह 'क', 'ख', 'ग' एवं 'घ' के पद सम्मिलित हैं।
परिभाषाएं	3.	जब तक कि विषय या संदर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में–

(क) 'अधिनियम' से उत्तर प्रदेश श्री बदरीनाथ तथा श्री केदारनाथ मन्दिर अधिनियम, 1939 (उत्तराखण्ड राज्य में यथाप्रवृत्त) अभिप्रेत है;

(ख) 'नियुक्ति प्राधिकारी' से अध्यक्ष श्री बदरीनाथ तथा श्री केदारनाथ मंदिर समिति अभिप्रेत है;

(ग) 'भारत का नागरिक' से ऐसे व्यक्ति अभिप्रेत है, जो "भारत का संविधान" के भाग–II के अधीन भारत का नागरिक हो या भारत का नागरिक समझा जाए;

(घ) 'समिति' से अधिनियम की धारा 5 के अधीन स्थापित/गठित श्री बदरीनाथ तथा श्री केदारनाथ मन्दिर समिति अभिप्रेत है;

(ड़) 'संविधान' से "भारत का संविधान" अभिप्रेत है;

(च) 'सरकार" से उत्तराखण्ड राज्य की सरकार अभिप्रेत है;

(छ) 'राज्यपाल' से उत्तराखण्ड के राज्यपाल अभिप्रेत है;

(ज) 'हिन्दु धर्म' से हिन्दुओं का ऐसा सम्प्रदाय, जो सनातन धर्म को मानते हैं या उसमें विश्वास रखते हैं, अभिप्रेत है;

(झ) 'सेवा का सदस्य' से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर हिन्दू धर्म का अनुयायी और इस नियमावली या इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व प्रवृत्त नियमों या इस नियमावली आदेशों के अधीन स्थायी रूप से/मूल पद पर नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ञ) 'अध्यक्ष' से अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) के खण्ड (छ) के तहत राज्य सरकार द्वारा नामित श्री बदरीनाथ तथा श्री केदारनाथ मन्दिर समिति के अध्यक्ष अभिप्रेत है;

(ट) 'सेवा' से श्री बदरीनाथ तथा श्री केदारनाथ मन्दिर समिति सेवा अभिप्रेत है;

(ठ) मौलिक नियुक्ति' से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति अभिप्रेत है, जो तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमानुसार चयन के पश्चात् की गयी हो और यदि कोई नियम न हो, तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक अनुदेशों अथवा अधिनियम की संगत धारा/निहित प्राविधान द्वारा तत्समय विहित प्रक्रिया के अनुसार की गई हो; तथा

(ड) 'भर्ती का वर्ष' से कैलेण्डर वर्ष के जुलाई के प्रथम दिवस से आरम्भ होने वाली बारह मास की अवधि अभिप्रेत है;

भाग 2–संवर्ग

सेवा संवर्ग — 4. (1) सेवा में कर्मचारियों/अधिकारियों तथा उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी, जो समय–समय पर अधिनियम की

संगत धारा/विहित प्रावधान के अनुसार मंदिर समिति द्वारा राज्य सरकार के अनुमोदन से निर्धारित की जाय।

(2) सेवा में कर्मचारियों/अधिकारियों तथा उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या जब तक कि उप नियम (1) के अधीन पारित आदेशो द्वारा परिवर्तन न किया जाय, उतनी होगी जो परिशिष्ट 'क' में दी गयी है:

परन्तु यह कि–

(i) नियुक्त प्राधिकारी किसी खाली पद को रिक्त छोड सकेंगे अथवा राज्यपाल अधिनियम, की संगत धारा/विहित प्रावधानानुसार किसी पद को इस प्रकार प्रास्थागित रख सकेंगे, कि कोई व्यक्ति प्रतिपूर्ति का हक़दार नहीं होगा।

(ii) अध्यक्ष, मंदिर समिति अधिनियम की संगत धारा/विहित प्रावधानानुसार ऐसे अतिरिक्त स्थायी अथवा अस्थायी पद राज्य सरकार के अनुमोदन से सृजित कर सकते है, जैसा वे उचित समझे।

भाग 3–भर्ती

भर्ती का स्रोत 5. सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों की भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी:–

(क) प्रशासनिक सेवा संवर्ग		
क्र.सं.	पदनाम	भर्ती का स्रोत
1.	मुख्य कार्याधिकारी	अधिनियम की धारा 14 के अधीन राज्य सरकार द्वारा तत्समय विहित यथा प्रकिया के अनुसार नियुक्त।
2.	विशेष कार्याधिकारी	राज्य सरकार द्वारा तत्समय विहित यथा प्रकिया के अनुसार नियुक्त।
(ख) विधि एवं सम्पति सेवा उप संवर्ग		
1.	विधि अधिकारी	सीधी भर्ती द्वारा।
2.	सम्पति निरीक्षक	सीधी भर्ती द्वारा।
(ग) अधीनस्थ सेवा संवर्ग		
1.	उप मुख्य कार्याधिकारी	मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य समकक्ष ग्रेड वेतन के पदों में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में न्यूनतम एक वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो तथा अधीनस्थ पदों पर कम से कम 25 वर्ष की सेवा पूर्ण की हो, योग्यता, उपयुक्तता एवं अनुभव के आधार पर अध्यक्ष, मंदिर समिति के अनुमोदनोपरान्त पदोन्नति द्वारा।
2.	कार्याधिकारी	मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य समकक्ष ग्रेड वेतन के पदों में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में न्यूनतम एक वर्ष की सेवा पूर्ण कर

		ली हो तथा अधीनस्थ पदों पर कम से कम 25 वर्ष की सेवा पूर्ण की हो, योग्यता, उपयुक्तता एवं अनुभव के आधार पर मन्दिर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अध्यक्ष, मंदिर समिति के अनुमोदनोपरान्त पदोन्नति द्वारा।
3.	मन्दिर अधिकारी	मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य समकक्ष ग्रेड वेतन के पदों में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में न्यूनतम एक वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो तथा अधीनस्थ पदों पर कम से कम 25 वर्ष की सेवा पूर्ण की हो, योग्यता, उपयुक्तता एवं अनुभव के आधार पर अध्यक्ष, मंदिर समिति के अनुमोदनोपरान्त पदोन्नति द्वारा।
4.	प्रचार अधिकारी	सीधी भर्ती।
	(घ) लिपिक सेवा संवर्ग–(लिपिक उप सेवा संवर्ग–1)	
1.	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी	मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में न्यूनतम 01 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो तथा अधीनस्थ पदों पर कम से कम 25 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, मे से अनुपयुक्त अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा।
2.	वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी	मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे प्रशासनिक अधिकारी जिन्होने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में न्यूनतम 02 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो अथवा अधीनस्थ पदों पर कम से कम 20 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, में से अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।
3.	प्रशासनिक अधिकारी	मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे प्रधान सहायक, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में न्यूनतम 03 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो अथवा अधीनस्थ पदों पर कम से कम 17 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, में से अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।
4.	प्रधान सहायक	मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे वरिष्ठ सहायक, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में न्यूनतम 03 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो तथा अधीनस्थ पदों पर कम से कम 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, में से अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।
5.	वरिष्ठ सहायक	मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे कनिष्ठ सहायक, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में न्यूनतम 06 वर्ष की सेवा

		पूर्ण कर ली हो, में से अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।
6.	कनिष्ठ सहायक /कम्प्यूटर आपरेटर/ डाटा एण्ट्री आपरेटर	(1) 60 प्रतिशत पद सीधी भर्ती/संविलियन द्वारा । (2) समूह 'घ' के ऐसे कर्मचारियों में से, 15 प्रतिशत जो हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण हों तथा 10 प्रतिशत जो इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण हों, पदोन्नति द्वारा भरी जायेगी; परन्तु यह कि यदि समूह 'घ' में नियमित पात्र कर्मचारी कार्यरत उपलब्ध न हों तो उस सीमा तक लिपिक वर्गीय कर्मचारी वर्ग की निम्नतम श्रेणी में, समूह 'घ' से पदोन्नति हेतु चिन्हित रिक्त पदों को सीधी भर्ती/संविलियन के माध्यम से भरा जा सकेगा। (3) लिपिक संवर्ग के निम्नतम श्रेणी के कुल पदों के 05 प्रतिशत रिक्तियां वाहन चालकों जो हाईस्कूल की परीक्षा अथवा उससे उच्चतर परीक्षा उत्तीर्ण हों, में से पदोन्नति द्वारा। परन्तु यह कि यदि वाहन चालकों में नियमित पात्र कर्मचारी कार्यरत उपलब्ध न हों तो उस सीमा तक लिपिक वर्गीय कर्मचारी वर्ग की निम्नतम श्रेणी में, वाहन चालक से पदोन्नति हेतु चिन्हित रिक्त पदों को समूह 'घ' के कर्मचारियों से पदोन्नति द्वारा भरा जा सकेगा। (4) 10 प्रतिशत ऐसे सीजनल लिपिकों में से जिन्होंने इस रूप में न्यूनतम 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो तथा न्यूनतम हाईस्कूल परीक्षा अथवा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण करने की शैक्षिक अर्हता धारित करते हों, परन्तु यह कि यदि सीजनल लिपिक में नियमित पात्र कर्मचारी कार्यरत उपलब्ध न हों तो उस सीमा तक लिपिक वर्गीय कर्मचारी वर्ग की निम्नतम श्रेणी में, सीजनल लिपिक वर्गीय कर्मचारी वर्ग से पदोन्नति हेतु चिन्हित रिक्त पदों को सीधी भर्ती/संविलियन द्वारा भरा जा सकेगा। टिप्पणीः— लिपिक वर्ग के न्यूनतम पद पर भर्ती हेतु कार्यालय में कार्यरत श्रेणी 'घ' एवं वाहन चालक जो 05 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर चुके हों, तथा कार्यालय में कार्यरत ऐंसे सीजनल लिपिक जिनकी 05 वर्ष की सेवा पूर्ण हो गयी हो, पात्रता क्षेत्र में आयेंगे। समूह 'घ' एवं वाहन चालक तथा सीजनल लिपिक से पदोन्नति हेतु, लिपिक वर्ग के पदों पर भर्ती के लिये, आरक्षित रिक्तियों पर चयन, श्रेष्ठता के आधार पर एक साधारण परीक्षा लेकर किया जायेगा। परीक्षा में केवल एक प्रश्नपत्र होगा, जिसमें सामान्य

		हिन्दी, सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे। लिखित परीक्षा अधिकतम 40 अंक की होगी तथा पात्र कर्मचारी की वार्षिक चरित्र पंजिका हेतु 10 अंक होंगे। चतुर्थ श्रेणी सीजनल लिपिक एवं वाहन चालक पद पर कार्य अनुभव हेतु प्रत्येक वर्ष के लिये 02 अंक दिये जायेंगे तथा कार्य अनुभव के लिये अधिकतम 50 अंक निर्धारित किये जायेंगे। इस प्रकार चयन परीक्षा कुल 100 अकों की होगी। उपरोक्त के अतिरिक्त 50 अंकों की हिन्दी टंकण परीक्षा भी ली जायेगी। टंकण परीक्षा में 2400 की–डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति से कम टंकण करने वाले अभ्यर्थी अर्ह नहीं होंगी। इस प्रकार चयन परीक्षा कुल 150 अंको की होगी।
	<u>लेखा सेवा संवर्ग</u>	
1.	वित्त अधिकारी	राज्य सरकार द्वारा तत्समय विहित यथा प्रकिया के अनुसार नियुक्त।
2.	लेखाधिकारी	मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे लेखाकार/कोषाध्यक्ष/खंजाची में से, जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करते हुये, विभागीय परीक्षा, यदि कोई हो, उत्तीर्ण कर ली हो, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा।
3.	लेखाकार/कोषाध्यक्ष/ खजांची	मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे सहायक लेखाकारों में से, जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 07 वर्ष की सेवा पूर्ण करते हुये, विभागीय परीक्षा, यदि कोई हो, उत्तीर्ण कर ली हो, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा।
4.	सहायक लेखाकार	सीधी भर्ती द्वारा।
	<u>मंदिर/यात्रा व्यवस्था उप सेवा संवर्ग–3</u>	
1.	व्यवस्थापक	सीधी भर्ती/संविलियन द्वारा।
2.	प्रबन्धक	सीधी भर्ती/संविलियन द्वारा।
3.	मीडिया प्रभारी	सीधी भर्ती/संविलियन द्वारा।

4.	फीचर लेखिका	सीधी भर्ती / संविलियन द्वारा।
5.	इन्टरनेट कार्डिनेटर	सीधी भर्ती / संविलियन द्वारा।
6.	मंदिर सुपरवाईजर	सीधी भर्ती / संविलियन द्वारा।
7.	वर्क सुपरवाईजर	सीधी भर्ती / संविलियन द्वारा।
8.	भोग मोहर्रिर, श्री केदारनाथ धाम	सीधी भर्ती / संविलियन द्वारा।
	वैयक्तिक सहायक / विशेष कार्याधिकारी (ज.स.) / जनसम्पर्क उप सेवा संवर्ग–4	
1.	विशेष कार्याधिकारी (ज.स) / जनसम्पर्क अधिकारी (मुख्यालय)	मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे वैयक्तिक सहायक एवं समकक्ष पदों में से जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 15 वर्ष की सेवा पूर्ण की हो, योग्यता, उपयुक्तता एवं अनुभव के आधार पर मन्दिर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अध्यक्ष, मंदिर समिति के अनुमोदनोपरान्त।
2.	वैयक्तिक सहायक	सीधी भर्ती / संविलियन द्वारा।
	अधीनस्थ अभियन्त्रण एवं प्राविधिक उप सेवा संवर्ग	
1.	अधिशासी अभियन्ता	मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे सहायक अभियन्ता में से, जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 07 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा।
2.	सहायक अभियन्ता	(1) 50 प्रतिशत सीधी भर्ती / संविलियन द्वारा। (2) 50 प्रतिशत मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे अवर अभियन्ता में से जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 07 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा।
3.	अवर अभियन्ता	सीधी भर्ती / संविलियन द्वारा।
4	फोटो ग्राफर	सीधी भर्ती / संविलियन द्वारा।
5.	चालक	(एक) 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती / संविलियन द्वारा। (दो) 50 प्रतिशत मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे परिचालक में से जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 02 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा।

6.	परिचालक	(एक) सीधी भर्ती/संविलियन द्वारा। (दो) मंदिर समिति में कार्यरत स्वयं सेवकों को वरीयता दी जायेगी।
7.	वायरमैन	(एक) सीधी भर्ती/संविलियन द्वारा। (दो) मंदिर समिति में कार्यरत स्वयं सेवकों को वरीयता दी जायेगी।
8.	प्लम्बर	(एक) सीधी भर्ती/संविलियन द्वारा। (दो) मंदिर समिति में कार्यरत स्वयं सेवकों को वरीयता दी जायेगी।
	श्री उत्तराखण्ड भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट) प्रशिक्षण विद्यालय एवं फार्मेसी विद्यापीठ	
1.	प्रधानाचार्य	पदोन्नति द्वारा।
2.	प्रवक्ता	सीधी भर्ती/संविलियन द्वारा।
3.	वैद्य	सीधी भर्ती/संविलियन द्वारा।
4.	डिमास्ट्रेटर	सीधी भर्ती/संविलियन द्वारा।
5.	फार्मेसिस्ट	सीधी भर्ती/संविलियन द्वारा।
6.	प्रयोगशाला सहायक	सीधी भर्ती/संविलियन द्वारा।
7.	वार्ड बॉय	(एक) सीधी भर्ती/संविलियन द्वारा। (दो) मंदिर समिति में कार्यरत स्वयं सेवकों को वरीयता दी जायेगी।
	सीजनल लिपिक/लिखवार (यात्राकालीन)	
1.	सीजनल लिपिक /लिखवार (यात्राकालीन)	(एक) 75 प्रतिशत पद सीधी भर्ती द्वारा। (दो) 25 प्रतिशत पद समूह 'घ' के ऐसे सीजनल/यात्राकालीन कर्मचारियों में से जिनके द्वारा इस रूप में 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली गयी हो एवं नियम 5(घ) 6(4) में टिप्पणी में उल्लिखित व्यवस्था के अंतर्गत श्रेष्ठता के आधार पर परीक्षा लेकर भर्ती की जा सकेगी; परन्तु यह कि यदि समूह 'घ' में निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता धारित पात्र कार्मिक उपलब्ध न रह जाय, तो सीजनल लिपिक के समस्त पदों पर नियुक्ति सीधी भर्ती द्वारा की जायेगी।

सीजनल/यात्राकालीन–चतुर्थ श्रेणी/चपरासी/केयरटेकर/माली/स्वयं सेवक/स्वच्छक/ सेवाकार:		
1.	चपरासी	(एक) आउटसोर्स। (दो) मंदिर समिति में कार्यरत स्वयं सेवकों को वरीयता दी जायेगी।
2.	केयरटेकर	(एक) आउटसोर्स। (दो) मंदिर समिति में कार्यरत स्वयं सेवकों को वरीयता दी जायेगी।
3.	माली	(एक) आउटसोर्स। (दो) मंदिर समिति में कार्यरत स्वयं सेवकों को वरीयता दी जायेगी।
4.	स्वयं सेवक	आउटसोर्स।
5.	स्वच्छक	(एक) आउटसोर्स। (दो) मंदिर समिति में कार्यरत स्वयं सेवकों को वरीयता दी जायेगी।
6.	सेवाकार	(एक) आउटसोर्स। (दो) मंदिर समिति में कार्यरत स्वयं सेवकों को वरीयता दी जायेगी।
चतुर्थ श्रेणी सेवा संवर्ग–दफेदार/चपरासी/सहायक/सुरक्षा गार्ड/गार्ड (चौकीदार)/ माली/पाचक/चौकीदार/खजाना गार्ड/केयरटेकर/फुलारा/फार्मेसी सहायक (श्रमिक)/दफ्तरी		
1.	दफेदार	आउटसोर्स द्वारा।
2.	सहायक	(एक) आउटसोर्स। (दो) मंदिर समिति में कार्यरत स्वयं सेवकों को वरीयता दी जायेगी।
3.	सुरक्षा गार्ड	(एक) आउटसोर्स। (दो) मंदिर समिति में कार्यरत स्वयं सेवकों को वरीयता दी जायेगी।
4.	माली	(एक) आउटसोर्स द्वारा। (दो) मंदिर समिति में कार्यरत स्वयं सेवकों को वरीयता दी जायेगी।
5.	पाचक	(एक) आउटसोर्स द्वारा। (दो) मंदिर समिति में कार्यरत स्वयं सेवकों को वरीयता दी जायेगी।

6.	चौकीदार	(एक) आउटसोर्स द्वारा। (दो) मंदिर समिति में कार्यरत स्वयं सेवकों को वरीयता दी जायेगी।
7.	सीजनल अनुचर	(एक) आउटसोर्स द्वारा। (दो) मंदिर समिति में कार्यरत स्वयं सेवकों को वरीयता दी जायेगी।
8.	स्वंय सेवक	(एक) आउटसोर्स द्वारा। (दो) मंदिर समिति में कार्यरत स्वयं सेवकों को वरीयता दी जायेगी।
	चतुर्थ श्रेणी सेवा संवर्ग–सफाई कर्मी	
1.	हेड स्वच्छता नायक	आउटसोर्स।
2.	स्वच्छता नायक	आउटसोर्स।

आरक्षण 6. अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण भर्ती के समय राज्य सरकार/मंदिर समिति द्वारा निर्गत नियम, सुसंगत शासनादेशों एवं मार्गदर्शक विधियों द्वारा निहित प्राविधानान्तर्गत आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

राष्ट्रीयता 7. सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी–

(क) भारत का नागरिक हो।

शैक्षणिक अर्हता/अर्हताएं/योग्यताए 8. सेवा में विभिन्न पदों की नियुक्ति के लिए अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित अर्हताएं होनी चाहिए:–

प्रशासनिक सेवा संवर्ग		
क्र.सं.	पदनाम	अर्हताएं/योग्यताएं
1.	मुख्य कार्याधिकारी	1. अधिनियम, की धारा 14 के अधीन नियुक्त हो। 2. वह हिन्दू धर्म का अनुयायी हो तथा मन्दिर के परम्परा/प्रभावी रीतियों के अनुसार प्रचलित पूजा पद्धति को मानने वाला हो एवं स्वीकार करता हो। 3. वह स्वयं या उसका कोई रिश्तेदार कमेटी का अध्यक्ष या सदस्य न हो। 4. वह स्वयं या उसका कोई रिश्तेदार या उसकी पत्नी कमेटी के किसी कार्य कलाप से सम्बद्ध ना हो। 5. वह उत्तराखण्ड राज्य का मूल/स्थायी निवासी हो।

		6. वह सरकारी अथवा स्थानीय प्राधिकरण से बर्खास्त ना किया गया हो। 7. वह विकृत मानसिक प्रवृत्ति या ऐसी बीमारी से ग्रसित ना हो। 8. वह किसी अपराधिक/मानवीय अपराध में सम्मिलित ना हो। 9. वह प्रथम श्रेणी के राजपत्रित अधिकारी से न्यून स्तर का अधिकारी न हो। 10. शासकीय/प्रशासकीय कार्यो का अनुभव हो। 11. उक्त पद पर नियुक्ति/तैनाती शासन स्तर से की जायेगी तथा पद की सेवा–शर्ते व नियम वह लागू होगे, जैसा सरकार/शासन निर्धारित करे।
2.	विशेष कार्याधिकारी	1. हिन्दू धर्म का अनुयायी हो तथा मन्दिर के परम्परा/प्रभावी रीतियों के अनुसार प्रचलित पूजा पद्धति को मानने वाला हो एवं स्वीकार करता हो। 2. वह स्वयं या उसका कोई रिश्तेदार या उसकी पत्नी कमेटी के किसी कार्य कलाप से सम्बद्ध ना हो। 3. वह उत्तराखण्ड राज्य का मूल/स्थायी निवासी हो। 4. वह सरकारी अथवा स्थानीय प्राधिकरण से बर्खास्त ना किया गया हो। 5. वह विकृत मानसिक प्रवृत्ति या ऐसी बीमारी से ग्रसित ना हो। 6. वह किसी अपराधिक/मानवीय अपराध में सम्मिलित ना हो। 7. वह राज्याधीन सेवा के प्रथम श्रेणी का राजपत्रित अधिकारी अथवा द्वितीय श्रेणी का राजपत्रित अधिकारी होने की दशा में इस पद पर कम से कम 07 वर्ष की सेवा पूर्ण की हो, विशेष कार्याधिकारी हो सकता है। 8. उक्त पद पर नियुक्ति/तैनाती शासन स्तर से की जायेगी तथा पद की सेवा–शर्ते व नियम वह लागू होगे, जैसा सरकार/शासन निर्धारित करे।

<u>विधि एवं सम्पति सेवा उप संवर्ग</u>

1.	विधि अधिकारी	(1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से विधि स्नातक उपाधि। (2) किसी जनपदीय न्यायालय में विधि व्यवसाय/विधि अधिकारी से सम्बन्धित क्षेत्र में 05 वर्ष का अनुभव।
2.	सम्पति निरीक्षक	(1). भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि,

		(2). भू-सर्वेक्षण एवं राजस्व कार्य में प्रशिक्षण/पटवारी प्रशिक्षण प्राप्त/ तद्सम्बन्धी कार्य में 10 वर्ष का अनुभव।
	– अधीनस्थ सेवा संवर्ग	
1.	उप मुख्य कार्याधिकारी	भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि,
2.	कार्याधिकारी	भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि,
3	मन्दिर अधिकारी	भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि,
4	प्रचार अधिकारी	(1) विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पत्रकारिता/जनसम्पर्क/मास कम्यूनिकेशन अथवा समकक्ष विषय में स्नातक की उपाधि। (2) हिन्दी, अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान। (3) कार्य प्रबन्धन का अनुभव। (4) जनसंचार की आधुनिक तकनीकों का ज्ञान। (5) संचार कौशल का ज्ञान। (6) प्रेस विज्ञप्तियों की लेखन करने एवं मीडिया और पब्लिक के साथ संवाद करने की क्षमता। (7) विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे-प्रिंटएवं इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया और डिजिटल मार्केटिंग तकनीकों की जानकारी। अधिमानी- (1) तीन वर्ष का किसी राष्ट्रीय मीडिया समूह/प्रतिष्ठित संस्थान/संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव धारित करने वाले अभ्यर्थियों को अधिमान दिया जायेगा।
	लिपिक सेवा संवर्ग-(लिपिक उप सेवा संवर्ग-1)	
1.	कनिष्ठ सहायक /कम्प्यूटर आपरेटर/ डाटा एण्ट्री आपरेटर	(1) उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद अथवा उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण की हो, (2) कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण में 4000 की-डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति अनिवार्य।

	लेखा उप सेवा संवर्ग	
1.	वित्त अधिकारी	1. हिन्दू धर्म का अनुयायी हो तथा मन्दिर के प्रभावी रीतियों के अनुसार प्रचलित पूजा पद्धति को मानने वाले एवं स्वीकार करता हो। 2. वह स्वयं या उसका कोई रिश्तेदार या उसकी पत्नी कमेटी के किसी कार्य कलाप से सम्बद्ध ना हो। 3. वह उत्तराखण्ड राज्य का मूल/स्थायी निवासी हो। 4. वह सरकारी अथवा स्थानीय प्राधिकरण से बर्खास्त ना किया गया हो। 5. वह विकृत मानसिक प्रवृत्ति या ऐसी बीमारी से ग्रसित ना हो। 6. वह किसी अपराधिक/मानवीय अपराध में सम्मिलित ना हो। 7. उक्त पद पर नियुक्ति/तैनाती शासन स्तर से की जायेगी तथा पद की सेवा–शर्ते व नियम वह लागू होंगे, जैसा सरकार/शासन निर्धारित करे।
2.	सहायक लेखाकार	अभ्यर्थी के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक उपाधि अथवा बी0बी0ए0 (Bachelor In Business Administration) अथवा पोस्ट ग्रेजुएट इन एकाउण्टेंसी तथा हिन्दी टंकण में 4000 की–डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति होनी चाहिए।
	मंदिर/यात्रा व्यवस्था उप सेवा संवर्ग–3	
1.	व्यवस्थापक	(1) भारत में मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की हो, तथा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से होटल मैनेजमेन्ट एण्ड कैटरिंग टेक्नोलॉजी में तीन वर्षीय डिप्लोमा धारक हो, अथवा होटल मैनेजमेन्ट में स्नातक उपाधि नेशनल कॉउन्सिल फॉर होटल मैनेजमेन्ट एण्ड कैटरिंग टेक्नोलॉजी या उससे सम्बद्ध संस्थानों अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्राप्त की गई हो,

		(2) सरकारी या निजी अधिष्ठान द्वारा चलायी जाने वाली किसी कैन्टीन में पर्यवेक्षक के रूप में कम से कम तीन वर्ष कार्य करने का अनुभव धारित करने वाले अभ्यर्थियों को अधिमान दिया जायेगा। सरकारी अधिष्ठान के अन्तर्गत ऐसे होटल/रेस्टोरेन्ट तथा कैन्टीन सम्मिलित माने जायेंगे, जो भारत सरकार अथवा किसी राज्य सरकार या ऐसी सरकार के अन्तर्गत किसी स्वायत्तशासी संस्था/परिषद/निकाय के अधीन संचालित हो, जबकि निजी अधिष्ठान के अन्तर्गत ऐसे होटल अथवा रेस्टोरेन्ट सम्मिलित माने जायेंगे, जिन्हें होटल एण्ड रेस्टोरेन्ट एप्रूवल एण्ड क्लासिफिकेशन कमेटी (H.R.A.C.C) द्वारा स्टार रेटिंग्स प्रदान की गई हो।
2.	प्रबन्धक	1) भारत में मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की हो, तथा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से होटल मैनेजमेन्ट एण्ड कैटरिंग टेक्नोलॉजी में तीन वर्षीय डिप्लोमा धारक हो, अथवा होटल मैनेजमेन्ट में स्नातक उपाधि नेशनल कॉउन्सिल फॉर होटल मैनेजमेन्ट एण्ड कैटरिंग टेक्नोलॉजी या उससे सम्बद्ध संस्थानों अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्राप्त की गई हो, (2) सरकारी या निजी अधिष्ठान द्वारा चलायी जाने वाली किसी कैन्टीन में पर्यवेक्षक के रूप में कम से कम तीन वर्ष कार्य करने का अनुभव धारित करने वाले अभ्यर्थियों को अधिमान दिया जायेगा। सरकारी अधिष्ठान के अन्तर्गत ऐसे होटल/रेस्टोरेन्ट तथा कैन्टीन सम्मिलित माने जायेंगे, जो भारत सरकार अथवा किसी राज्य सरकार या ऐसी सरकार के अन्तर्गत किसी स्वायत्तशासी संस्था/परिषद/निकाय के अधीन संचालित हो, जबकि निजी अधिष्ठान के अन्तर्गत ऐसे होटल अथवा रेस्टोरेन्ट सम्मिलित माने जायेंगे, जिन्हें होटल एण्ड रेस्टोरेन्ट एप्रूवल एण्ड क्लासिफिकेशन कमेटी (H.R.A.C.C) द्वारा स्टार रेटिंग्स प्रदान की गई हो।

3.	मीडिया प्रभारी	1. विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पत्रकारिता/मास कम्युनिकेशन/विज्ञापन एवं समकक्ष विषय में स्नातक की उपाधि। 2. हिन्दी, अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान एवं किसी 02 प्रान्तीय भाषाओं का ज्ञान। 3. अच्छी संचार कौशल, पत्रकारिता लेखन, प्रेस विज्ञप्तियां तैयार करने की क्षमता। 4. मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे–प्रिंटर इलेक्टॉनिक और डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया I प्लेटफॉर्म्स का ज्ञान और डिजिटल प्रचार तकनीकों की समझ। अधिमानी– तीन वर्ष किसी राष्ट्रीय मीडिया समूह में कार्य करने का अनुभव धारित करने वाले अभ्यर्थियों को अधिमान दिया जायेगा।
4.	फीचर लेखक	1. विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि। 2. हिन्दी, अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान एवं किसी 02 प्रान्तीय भाषाओं का ज्ञान। 3. किसी प्रसिद्ध समाचार पत्र में सम्पादकीय/स्तम्भ लेखन/लेखन कौशल से सम्बन्धित 05 वर्षों का अनुभव।
5.	इन्टरनेट कार्डिनेटर	(1) सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद अथवा उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई अन्य परीक्षा उत्तीण की हो, (2) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से कम्प्यूटर साइंस/कम्प्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा या डिपार्टमेंट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स से **A** लेवल उपाधि, (3) कम्प्यूटर साइंस/कम्प्यूटर एप्लीकेशन/इन्टरनेट प्रयोग में में एक वर्ष का अनुभव।

		(4) इन्टरनेट सम्बन्धी क्षेत्र में अन्य कोई अधिमानी अर्हताएं/डिप्लोमा।
6.	मंदिर सुपरवाईजर	1. विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि। 2. मंदिर की परम्पराओं, धार्मिक रीति, धार्मिक महत्व/आराधना का ज्ञान। 3. मंदिर के पुजारियों और अन्य स्थानीय समुदाय के साथ संवाद स्थापित करने की क्षमता होनी चाहिए। 4. दैनिक सुविधाओं का प्रबन्धन, संगठन की व्यवस्थाए का कौशल/ज्ञान। अधिमानी–सुपरवाईजर का 02 वर्ष का अनुभव।
7.	वर्क सुपरवाईजर	(1) विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि। (2) श्री बदरीनाथ अथवा श्री केदारनाथ मंदिर में कपाट खुलने से पूर्व होने वाले बर्फ के कटान एवं सुचारू यात्रा हेतु किये जाने वाले कार्यो एवं संबंधित क्षेत्र में 05 वर्ष का कार्य अनुभव। (3) दैनिक सुविधाओं का प्रबन्धन, संगठन की व्यवस्थाए का कौशल/ज्ञान। अधिमानी–सुपरवाईजर का 02 वर्ष का अनुभव।
8.	भोग मोहर्रिर	(1) उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद अथवा उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण की हो, (2) कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण में 4000 की–डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति अनिवार्य।
	वैयक्तिक सहायक/विशेष कार्याधिकारी (ज.स.)/जनसम्पर्क अधिकारी उप सेवा संवर्ग–4	
1.	वैयक्तिक सहायक	सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद अथवा उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण की

		हो, के साथ–साथ हिन्दी आशुलेखन में न्यूनतम गति 80 शब्द प्रति मिनट तथा कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण में 4000 की–डिप्रेशन प्रति घंटे की गति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
	अधीनस्थ अभियन्त्रण एवं प्राविधिक उप सेवा संवर्ग	
1.	सहायक अभियन्ता	सहायक अभियन्ता के पद पर सीधी भर्ती हेतु अभ्यर्थी के पास भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल अभियंन्त्रण में स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।
2.	अवर अभियन्ता	कनिष्ठ/अवर अभियन्ता के पद पर सीधी भर्ती हेतु अभ्यर्थी के पास भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/पालीटेक्निक द्वारा प्रदत्त सिविल अभियन्त्रण में तीन वर्षीय डिप्लोमा आवश्यक होगा।
